हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 22.9 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

12 खेल स्पर्धाओं में छात्र व छात्राओं ने दिखाया दम



12 नगराधीश अभिषेक ने लिया चार्ज, डीसी से मिले



## खबर संक्षेप

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कुरुक्षेत्र।** अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने से एक मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गई। गांव कठवा निवासी अमनदीप सिंह ने कहा कि गत सायं वह मोटर साईकिल पर अपने पिता हरजंस सिंह को माता रूकमणी स्कूल शाहाबाद में छोड़ने के लिए चला था। जब वह गांव मदनपुर में नजदीक राज कमल कोल्ड स्टोर के पास पहुंचे, तो पीछे से एक अज्ञात बोलेरो चालक ने उनकी मोटर साईकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिल सवार नीचे गिर गए। उसने अपने घायल पिता को सरकारी अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एआईयूटीयूसी का डीसी आफिस पर प्रदर्शन 17 को

**समालखा।** एआईयूटीयूसी जिला कमेटी की एक मीटिंग समालखा में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता का.शेर सिंह ने की। एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष का.ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि आगामी 17 तारीख को पानीपत उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम देगी।

### मास्टर्स एथलेटिक्स में राजेश ने जीते दो पदक

**करनाल।** छठी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में करनाल के राजेश खन्ना ने 50 प्लस केटेगरी में रिले रेस में 1 सिल्वर और 1 ब्रांज मेडल जीता। यह प्रतियोगता 31 जनवरी से 3 फरवरी तक हुई। इसमें 17 राज्यों की टीमों के करीब 2300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अब उनका चयन वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स जो ताईपे ताइवान मे मई 2025 में आयोजित होगी के लिए हो गया है। राजेश खन्ना भारतीय वायु सेना से रिटायर्ड है।

### बुजुर्ग से सोने का कड़ा छीनने का आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने सेक्टर 13-17 में सैर पर निकले बुजुर्ग से सोने का कड़ा छीनने की वारदात में शामिल फरार तीसरे आरोपी को निजामपुर नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विनोद उर्फ बोदी निवासी लौहारी हिसार के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी राजेश निवासी इंद्रा कॉलोनी रोहतक व नवीन निवासी लौहारी हिसार के साथ मिलकर बुजुर्ग से उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### जनसंपर्क अभियान चलाकर दिया न्यौता

**करनाल।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से आयोजित किए जाने वाले समर्पण महासत्संग की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए करनाल चैप्टर के स्वयंसेवकों ने जनसंपर्क अभियान चलाया। सेक्टर 13 की मार्केट में दुकानदारों और राहगीरों को महासत्संग के लिए आमंत्रित किया गया। 18 फरवरी को सेक्टर 32 में सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

## विरासत हरियाणा पैवेलियन का मुख्यमंत्री व केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने किया उद्घाटन

# हरियाणवी संस्कृति को देखकर अभिभूत हुए केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र

- ‘विरासत’ कुरुक्षेत्र ने की ‘अपणा घर’ की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला 2025 में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा सहकारिता एवं विरासत पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अभिभूत हो गए। हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित 7 फरवरी से 23 फरवरी तक चलने वाले सूरजकुंड क्राफ्ट मेला 2025 में विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा अपणा घर की स्थापना की गई है। अपणा घर की प्रदर्शनी में जहां एक ओर लोक पारम्परिक विषय-वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है



वहीं पर दूसरी ओर हरियाणवी लोक जीवन में प्रयोग की जाने वाली सैंकड़ों वर्ष पुरानी विषय-वस्तु पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। यह जानकारी विरासत दि हेरिटेज विलेज के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत के साक्षात रूप में दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में लुगदी से बने बोहिये, 100 साल पुराने लालटेन और रेलवे लैंप, पित्तल के पुराने बर्तन, लोहे एवं पित्तल की पुरानी बाल्टियां, टांगली और जेली, हरियाणवी लोक परिधान, दरी बनाने के लिए खड्डी, सेल्फी प्वाईंट्स, चरखा, कूंए में प्रयोग किए जाने वाले कांटे एवं बिलाई प्रदर्शित किए गए हैं। इसके साथ ही डोल जिसका प्रयोग कूंए से पानी खींचने के लिए होता रहा है भी प्रदर्शनी का हिस्सा बने हैं।

इसके साथ ही चड़स तथा सिंचाई के लिए प्रयोग की जाने वाली ढेंकली विशेष आकर्षण बनी। संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी का स्टॉल भी युवा पीढ़ी के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं, जिसमें पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ इवेंट का आयोजन किया गया है।

# स्वाइन फ्लू ने यमुनानगर में दी दस्तक, दो बच्चे पीड़ित

- बच्ची की हालत में सुधार, दो साल का बच्चा पीजीआई में भर्ती, वेंटिलेटर पर उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में स्वाइन फ्लू ने दस्तक दे दी है। जिले में नौ साल की बच्ची के बाद अब दो साल का बच्चा स्वाइन फ्लू से पीड़ति है। हालांकि बच्ची की हालत में सुधार है। मगर दो वर्षीय बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर किया गया है। जहां वेंटिलेटर पर उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि शुरूआती दवा से आराम न मिलने पर परिजन बच्चे को सिविल अस्पताल में लेकर आए थे। जहां पर डॉक्टरों ने स्वाइन फ्लू की आशंका जताते हुए पीजीआई रैफर कर दिया गया था। पीजीआई में स्वाइन फ्लू का टेस्ट करवाने पर बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिले में स्वाइन फ्लू के दो केस सामने आ चुके हैं। पिछले महीने शहर जगाधरी के गुलाब नगर कॉलोनी निवासी नौ साल की बच्ची में स्वाइन फ्लू से पीड़ति थी। जिसके इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार है। अब गांव नाहरपुर से दो साल का बच्चा स्वाइन फ्लू की चपेट में आया है। जानकारी के अनुसार गांव नाहरपुर के रहने वाले युवक का दो साल के बेटे की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। जिस पर परिजनों ने उसे गांव के ही मेडिकल स्टोर से दवाई दिलवाई। मगर उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

सिविल अस्पताल के स्वाइन फ्लू इंचार्ज डॉक्टर वागेश गुटेन ने बताया कि जिले में स्वाइन फ्लू के दो केस सामने आ चुके हैं। नौ बर्षीय बच्ची की हालत में सुधार है। मगर दो वर्षीय बच्चे की हालत गंभीर बनी है। उसका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। बच्चा अभी वेंटिलेटर पर है। वह भी बच्चे की हालत पर नजर रखे हुए हैं।

### पीजीआई में करवाई जांच

परिजन बाद में उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर बच्चे का चैकअप किया तो उसकी हालत गंभीर थी। बच्चे में स्वाइन फ्लू के लक्षण थे। जिसके बाद डॉक्टरों ने बच्चे को पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसी दिन बच्चे को लेकर पीजीआई चले गए। जहां पर बच्चे का टेस्ट किया गया। अब उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बताया जा रहा है कि बच्चे की तबीयत नाजुक बनी हुई है। जिसका उपचार वेंटिलेटर पर चल रहा है।

# कृष्ण हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

- बीते माह युवक की गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने बारवा वासी कृष्ण हत्या मामले के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा-2 की टीम ने बारवा वासी कृष्ण हत्या मामले में शामिल आरोपी संदीप पाल वासी चिडाओ करनाल, गौरव वासी बडा गांव जिला करनाल व अंकुश वासी बारवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 जनवरी 25 को थाना केयूके पुलिस को दी अपनी शिकायत में प्रवीन कुमार वासी बारवा ने बताया था कि उसका भाई रात के समय करीब 10 बजे अंकुश के पास अपने उधार दिए 43 हजार रुपये लेने के लिए गया था। जो अभी तक वापस नही आया और उसका फोन भी ऑफ आ रहा है। जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में गुमशुदगी का मामला दर्ज करके जांच की गई। 5 फरवरी को मृतक कृष्ण का शव बरामद हुआ था।

मृतक के घरवालों ने कृष्ण की हत्या करने का शक जताया था। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंप दी थी। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी मोहन लाल के मार्गनिर्देश में उप निरीक्षक जयपाल, सहायक उप निरीक्षक गुरबक्स, कर्मबीर सिंह, हवलदार कुलदीप, प्रवीन व सिपाही अमित कुमार टीम ने हत्या मामले के आरोपी संदीप पाल वासी चिडाओ करनाल, गौरव वासी बडा गांव जिला करनाल व अंकुश वासी बारवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

**कहासुनी के बाद घोंट दिया था गला**

अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहल लाल ने बताया कि कृष्ण की बारवा वासी अंकुश व उसके बुआ के लकड़े संदीप उर्फ दीपू के साथ अच्छी दोस्ती थी। कृष्ण ने अंकुश व संदीप को पैसे भी उधार दिए थे वह इनसे अपने पैसे वापस मांग रहा था। निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों ने 29 जनवरी को प्लान बनाया, आरोपी अंकुश की मौसी का लड़का बडा गांव वासी गौरव अपने रिश्तेदार की कार लेकर आया था। प्लान के मुताबिक आरोपियों ने कृष्ण को उसके घर से पैसे लेने बुलाया। तीनों आरोपियों ने उसे कार में बिठाया और पहले पीपली और बाद में तरावडी एरिया में उन्होंने शराब पी थी। इस दौरान आरोपियों की कृष्ण के साथ कहासुनी हो गई जिस पर आरोपियों ने कृष्ण का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और शव को रम्बा के पास नहर में फैंक दिया था।

### लाखों की नकदी और गहने लेकर फरार किशोर कैमरे में कैद

**अंबाला।** साहा के रिसोर्ट में दो भाइयों की रिसेप्शन पार्टी से 14 साल का बच्चा लाखों की नकदी व जेवर से भरा बैग लेकर फरार हो गया। महिला को जब टेबल पर बैग नहीं मिला तो शोर मचाया। सीसीटीवी खंगालने पर चोरी का पता चला। अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के दीपक ने बताया कि वो दो भाई है।

उसकी व भाई मनोज शर्मा की शादी की रिसेप्शन 5 फरवरी को साहा के रवेरा रिसोर्ट में थी। परिजन,रिश्तेदार व अन्य लोग आए हुए थे। सारी नकदी व शगुन करीब 7/8 लाख रुपये व एक सोने की चेन, कानों के टॉप्स, मोबाइल एक बैग में डाले हुए थे। शादी में पहले से घूम रहा 14 साल का बच्चा मौका पाते ही एक युवक की मदद से बैग लेकर फरार हो गया।

# आशा वर्कर्स ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

- बजट में मानदेय में बढ़ोतरी न होने पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज करनाल

आशा वर्कर यूनियन की जिला करनाल कमेटी ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम डयूटी मजिस्ट्रेट रेडक्रास सचिव को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले आशा वर्कर फव्वारा पार्क में जिला प्रधान नीरू की अध्यक्षता में इक्टठा हुई। सभा का संचालन जिला सचिव सुदेश ने किया। इस मौके पर जिला कैशियर कविता, सुदेश, नीरू, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी व ओ.पी माटा ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार आशा वर्करों की मांगों की अनदेखी कर रही है। केंद्र सरकार ने बजट में आशा वर्करों के पैसे में




**करनाल।** नगर में विरोध प्रदर्शन करतीं आशा वर्कर्स।

बढ़ोतरी नहीं की। यूनियन मांग करती है कि आशा वर्करों के बजट में केंद्र सरकार द्वारा बढ़ोतरी की जाए, आशा वर्करों को समान काम समान वेतन मिले, 2022 में हड़ताल के दौरान काटे गए मानदेय को जारी किया जाए, पिछले पांच साल से आशा वर्करों के मानदेय में कोई बढोतरी नहीं की गई। आशा वर्करों को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए दिया जाए, आशा वर्कर की मृत्यु होने पर पांच लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। रिटायरमेंट पर दो लाख रुपए दिए जाएं। सामान्य अस्पताल में आशा वर्करों के बैठने की जगह बनाई जाए। इस अवसर पर कविता, सीमा, मोनिका, सुदेश, नीरू, रूपा सैनी, सीनू, मीना, सलोचना, जरासो, सतपाल सैनी, ओ.पी माटा, मनोज कुमार, देवी, किरण, राजरानी, सुमन व रीतू ने वर्करों को संबोधित किया।

# युवक ने नाबालिग लड़की के साथ किया दुष्कर्म

- आरोपी युवक के खिलाफ किया पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने बहला फुसला कर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। मामला करीब चार माह पहले का है। मगर आरोपी अब भी नाबालिग के साथ संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अपनी पति की मौत के बाद वह अपनी 16 वर्षीय लड़की व अन्य बच्चों के साथ एक मकान में रहती है। उसकी दुलाल बरमन के साथ जान पहचान है। जिस कारण आरोपी अकसर अपने घर पर आ जाता था। महिला ने बताया कि एक अक्तूबर 2024 को वह अपने काम पर गई हुई थी। घर पर उसकी लड़की अकेली थी। इस दौरान आरोपी ने दुलाल बरमन ने उसकी लड़की को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

# शिक्षा मंत्री ढांडा ने सुनी जन समस्याएं

- अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने अपने धन्यवादी दौरे के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में दो स्थानों पर जनता दरबार आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह पहले उन्होंने कुटानी रोड पर जनता दरबार लगायाए। जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इसके बाद भावना चौक पर भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। मंत्री ढांडा ने जनता के बीच पहुंचकर सबसे पहले पानीपत ग्रामीण विधानसभा



**पानीपत।** जनता दरबार में समस्याएं सुनते हुए मंत्री महीपाल ढांडा।

क्षेत्र से उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जनता का धन्यवाद दिया और फिर लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जनता दरबार के दौरान बिजली विभाग, नगर निगम, पुलिस विभाग और पब्लिक हेल्थ से जुड़ी कई समस्याएं सामने आई। मंत्री महीपाल ढांडा ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने आश्वस्त किया कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता लोकेश नांगरु, अशोक कटारिया, रामकुमार सैनी, रविन्द्र फुले, पवन जांगड़ा,बिट्टू सरदार, बिट्टू प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

# महिला के खाते से धोखे से निकाले 10.86 लाख रुपये

- अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पंचकूला निवासी बलजिंद्र कौर ने अज्ञात पर उसके पंजाब नेशनल बैंक के अकाउंट से 10 लाख 86 हजार रुपये धोखे से निकालने का आरोप लगाया है। वह जब बैंक में पासबुक अपडेट करवाने के लिए गई तो उसके अकाउंट में केवल 73325 रुपये थे। जिसके बाद उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पंचकूला इंडस्ट्रीयल एरिया हुडा निवासी बलजिंद्र कौर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति कुलबीर सिंह वाटर सप्लाई विभाग में नौकरी करते थे। 2021 में उसके पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद से वह यमुनानगर की जम्मू कॉलोनी में अपने पिता ज्ञान सिंह के घर पर रहती है। उसके पति की मौत के बाद उसके अकाउंट में 948384 रुपये आए थे। उसके अकाउंट में 301282 रुपये पहले जमा थे। जिसके बाद उसके अकाउंट में 1249666 रुपये जमा थे। गत चार फरवरी को वह पंजाब नेशनल बैंक में पासबुक अपडेट करवाने के लिए गई तो उसे पता चला कि उसके अकाउंट में केवल 73325 रुपये ही जमा है।

## मां बगलामुखी प्राकोटत्सव महायज्ञ का आगाज, निकाली कलश यात्रा

# पंच दिवसीय महायज्ञ में डालेंगे पांच लाख आहुतियां

- 51 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अरूणाय रोड पर गांव धनीरामपुरा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकोटत्सव महायज्ञ के प्रथम दिन शुक्रवार को ध्वजारोहण, नवग्रह व दुर्गा पूजन, मां बगलामुखी पूजन एवं अभिषेक के पश्चात क्लश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर



**पिहोवा।** महंत भीम पुरी की अगुवाई में कलश यात्रा निकालते यजमान व श्रद्धालुगण।

यज्ञशाला पहुंची, जहां परिक्रमा करने के पश्चात कलश की विधिवत स्थापना की गई। तत्पश्चात यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश, गंगा प्रसाद शास्त्री, व पंडित अखिलेश तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों की उपस्थिति में त्रिकाल महायज्ञ की शुरूआत करवाई गई। यज्ञ में विशेष रूप से महंत जगन्नाथ पुरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, स्वामी चमन गिरी, वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा ने शिरकत की।

मंदिर के महंत भीम पुरी ने बताया कि इस पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकोटत्सव महायज्ञ में यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश सहित 51 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 51 यजमान यज्ञ में कुल सवा पांच लाख आहुतियां डालेंगे।

# श्रमिक से लूटपाट करने के दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- श्रमिक को सबक सिखाने के लिए थी वारदात

थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने सिवाह ओवर ब्रिज के पास से श्रमिक का अपहरण कर लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गन्नौर से काबू करने में कामयाबी हासिल की। आरोपियों की पहचान रोहित निवासी समसपुर गामडा सोनीपत व मोहित निवासी आटा समालखा के रूप में हुई। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी आरोपी के कहने पर श्रमिक अखिलेश को सबक सिखाने के लिए उसका अपहरण कर लूटपाट करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों ने बताया कि पसीना रोड पर स्थित गुप्ता इंडस्ट्रीज कंपनी में उनका साथी आरोपी व अखिलेश एक साथ काम करते हैं। दोनों की पैसों को लेकर कहासुनी हो गई थी। साथी आरोपी ने यह बात उन दोनों को बताई और अखिलेश को सबक सिखाने के



**पानीपत।** लूटपाट के आरोपी पुलिस टीम के साथ ।

लिए कहा था। दोनों आरोपियों ने श्रमिक अखिलेश से लूटा मोबाइल साथी आरोपी को देकर लूटी 17 हजार 500 रूपए की नगदी आपस में बाट ली थी। लूटी गई नगदी बरामद करने व वारदात में शामिल फरार आरोपी के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**खबर संक्षेप**



## होम लोन एक्सपो में 33 करोड़ की 63 लीड मिली

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक, करनाल मंडल द्वारा आयोजित पीएनबी होम लोन एक्सपो का शुभारंभ पीएनबी सेक्टर-12 ब्रांच में किया गया। इस पीएनबी होम लोन एक्सपो का उद्घाटन नगर निगम करनाल की आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने किया। होम लोन एक्सपो के पहले दिन 33 करोड़ रुपये की 63 लीड प्राप्त हुई। यह पीएनबी होम लोन एक्सपो मंडल प्रमुख जगजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस मौके पर नगर निगम करनाल की आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि अधिकारी बैंकों की स्कीमों के बारे मे ग्राहकों को विस्तार से बताए तथा उन्हें नियमानुसार स्कीमों का लाभ दें। इस मौके पर एक्सपो मंडल प्रमुख जगजीत सिंह ने कहा कि इस एक्सपो में ग्राहकों और आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

## डिपोर्टेशन से बचने के लिए युवाओं को किया जागरूक

**करनाल।** अमेरिका द्वारा डिपोर्ट किए गए युवाओं को अपमान जनक तरीके से भारत भेजने के बाद युवाओ के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए है। जो युवा विदेश जाने का सपना देख रहे थे अब उनके



सामने कई प्रकार की मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। अब क्या वह विदेश जा पाएंगे या उनके अभिभावक उन्हें भेजने को राजी होंगे। इन्हीं सब उलझनों और भ्रांतियों को दूर करने के लिए एक जागरूकता शिविर मंगलसेन ऑडिटोरियम में लगाया गया। शिविर में केड एमीग्रेशन तथा कनाडा के एमीग्रेशन कंसल्टेंट अरविंद कादियान ने कहा कि शिक्षा वीज़ा के लिए तथा अन्य कार्यों के लिए संबंधित देशों के पंजीकृत सलाहकार होते हैं। हर देश की वेबसाइट पर अंकित होते है । सबसे पहले पंजीकृत सलाहकार से सलाह लेनी चाहिए।

## प्रो. अजय व विवेक बने शैक्षणिक परिषद के सदस्य

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार वाणिज्य विभाग के प्रो. अजय सुनेजा को 12 फरवरी 2025 से दो वर्ष के लिए तथा यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के सहायक प्रो. डॉ. विवेक कुमार को आगामी 21 फरवरी 2025 से दो वर्षों के लिए शैक्षणिक परिषद का सदस्य बनाया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी।

## समाज में बदलाव लाने का कार्य करें युवा : आनंद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस यूटीडी इकाई तीन के तत्वावधान में गांव नरकातारी में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि केयू एनएसएस समन्वयक डॉ आनंद कुमार ने कहा कि युवा समाज में बदलाव लाने का कार्य करें तथा अच्छा इंसान बनकर दूसरों की भलाई करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें सब कुछ देती है इसलिए प्रकृति की सेवा करना भी हमारा कर्तव्य है।

### मंत्री पंवार ने स्वामी श्रद्धानंद द्वार का किया उद्घाटन

# छात्राएं लक्ष्य को प्राप्त करके गुरुजनों का नाम करें रोशन



आर्य कन्या गुरुकुल के प्रांगण में 52वां वार्षिकोत्सव घूमधाम से मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ असंध

असंध के गांव मोर माजरा में शुक्रवार को आर्य कन्या गुरुकुल के प्रांगण में 52 वा वार्षिकोत्सव का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में पंचायत एवं विकास, खान एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार का गुरुकुल प्रबंधन समिति की ओर से पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गुरुकुल की छात्राओं के द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लगभग 1 करोड़ की राशि से तैयार गुरुकुल के नवनिर्मित स्वामी श्रद्धानंद द्वार का उद्घाटन किया और गुरुकुल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के द्वितीय तल के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने यहां आयोजित 52वे वार्षिकोत्सव की गुरुकुल परिवार को बधाई दी और गुरुकुल के निमंत्रण पर आभार व्यक्त किया । मुख्य अतिथि ने गुरुकुल की छात्राओं को संदेश दिया कि समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को सफल बनाता है। उन्होंने अपने संबोधन में सभी छात्राओं को प्रेरित किया कि वे केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर माता पिता एवं गुरुजन का नाम रोशन करे।

### हर संभव सहायता का आश्वासन

मंत्री कृष्ण पवार ने गुरुकुल की उन्नति के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया । उन्होंने कहा कि आज इस गुरुकुल की छात्राएं अपनी शिक्षा, संस्कारों और खेल प्रतिभाओं से देश प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। इस दौरान गुरुकुल समिति के प्रधान एडवोकेट जसबीर सिंह मान ने मुख्य अतिथि का गुरुकुल प्रांगण में पधारने पर धन्यवाद किया। प्रधान जसवीर सिंह मान जी ने छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया और मुख्य अतिथि जी के वचनों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर सचिव राम सिंह , ईश्वर सिंह , सरपंच मोर माजरा राजिंदर मान, नौरंग बांगड़ , दलीप सिंह मान और महासभा समिति के सभी सदस्य गण और विशिष्ट व्यक्ति सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# प्रत्यारोपण से संबंधित भ्रांतियां की दूर

- मीटिंग में घुटना प्रत्यारोपण के पश्चात फिजियोथेरेपी के महत्व पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



संजीव बंसल सिग्नस हस्पताल और करनाल फिजियोथेरेपी क्लब के सहयोग से कल शाम सायं 7.30 बजे मीटिंग सम्पन्न हुई। इसमें हस्पताल के प्रसिद्ध आर्थोपेडिशियन डॉ. अक्षय लाम्बा ने घुटना प्रत्यारोपण से संबंधित फैली भ्रांतियां और आजकल घुटना प्रत्यारोपण कितना सफल हो रहा है और घुटना बदली के पश्चात स्वस्थ जीवन जीते हुए मरीज कितना अच्छा अनुभव करते हैं। स्पोर्ट इंजरी और घुटना प्रत्यारोपण के पश्चात फिजियोथेरेपी के महत्व पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर सिगनस के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आबिद अमीन भट और चीफ सेल्स आफिसर सुमित सैनी ने हस्पताल की सभी सुविधाओं की जानकारी दी। फिजियोथेरेपी संघ की ओर से कनवीनर डॉ. संदीप अरोड़ा, डॉ. बी.के. लाम्बा, डॉ. विकास मडहस, डॉ. वसुधा ने अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। हस्पताल की ओर से जी.एम. सुशील शर्मा व हरप्रीत सिंह उपस्थित रहे। घुटना प्रत्यारोपण पर एक सफल वार्ता सम्पन्न हुई।

# पुलिस ने जांचे वाहनों के कागजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

थाना तरावड़ी एसएचओ नसीब कुमार के निर्देश अनुसार शहर में हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। पिछले लंबे समय से तरावड़ी के गुरुद्वारा रोड पर स्कूल की छुट्टी के समय युवक बुलेट के पटाखे व प्रेशर हॉर्न बजाते हुए नजर आ रहे थे। जिस कारण स्कूली बच्चों को खासकर लड़कियों एवं आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

शुक्रवार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइकों के कागज खंगाले व प्रेशर होरन को मौके पर उतरवाया। वहीं अधिकतर बाइक बिना नंबर प्लेट के देखने को मिली और पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बिना नंबर प्लेट चालकों को वार्निंग दी कि जल्दी अपने नंबर प्लेट लगवा ले नहीं तो आपके वाहन को इंपाउंड कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि उक्त रोड पर राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय सहशिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित है तथा अकसर छुट्टी के समय आवारा किस्म के युवा बाइकों पर घूमते नजर आते हैं। जिससे खासकर छात्राएं काफी परेशान है। इसलिए पुलिस ने शहर वासियों से यह भी अपील की है कि ऐसे आवारा किस्म के युवा अगर सडक़ों पर घूमते है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें।



**तरावड़ी।** बाइक सवारों के चालान काटती पुलिस। *फोटो: हरिभूमि*

# साइबर क्राइम पर नाटकीय प्रस्तुति दी

- मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने किया शिविर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर स्थानीय आई टी आई करनाल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन साइबर क्राइम सेल करनाल व जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग करनाल के सौजन्य से किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने किया । डा. इरम हसन का आई टी आई में पहुंचने पर प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने उनका स्वागत व आभार प्रकट किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने विद्यार्थियों को केस हिस्ट्री के जरिए साइबर क्राइम की जानकारी दी और अपने अनुभव साझा कर उन्हे साइबर क्राइम से दूर रहने व अपने मित्रों व रिश्तेदारो को भी जागरूक करने हेतू प्रेरित किया।

इस मौके पर साइबर क्राइम सेल से आए लोकेश व प्रदीप ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम व इससे बचाव की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार ने साइबर क्राइम संबंधित अधिनियमों व कानूनों की जानकारी दी। इसके अलावा जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग करनाल की टीम द्वारा साइबर क्राइम पर नाटकीय प्रस्तुति दी गई और लोक गीतों के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही आगामी 8 मार्च को जिला न्यायालय करनाल की अदालतो में आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत बारे लोक गीत के जरिए जानकारी दी गई। इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं:प्रो. इयान

- एमएचयू- वेस्ट्रर्न सिडनी यूनि. आस्ट्रेलिया बागवानी के लिए अनुसंधान और शिक्षा पर अनुबंध : डॉ सुरेश मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



वेस्ट्रर्न सिडनी यूनि. आस्ट्रेलिया प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल का दौरा किया। एमएचयू कैंपस में पहुंचने पर एमएचयू के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने वैस्ट्रर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया।

प्रतिनिधि मंडल में निदेशक प्रो. इयान एडरसन तथा डॉ कोपल चौबे अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग वेस्ट्रर्न सिडनी यूनिवर्सिटी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सिडनी वेस्ट्रर्न यूनिवर्सिटी द्वारा बागवानी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में एमएचयू के माननीय कुलपति को अवगत कराया, उन्हें वहां पर किस प्रकार से बागवानी की खेती को किसानों के लिए लाभप्रद बनाया गया हैं। इन सबके बारे में जानकारी दी। इस दौरान दोनों ही विश्वविद्यालय के बीच हुए एमएचयू की प्रगृति के बारे में विचार विमर्श किया गया। सर्व प्रथम एमएचयू कुलपति डा सुरेश मल्होत्रा ने करनाल में बन रहे एमएचयू के मैन कैंपस का वॉक थ्रू दिखाया, जिसे देखकर आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधिमंडल खासा प्रभावित हुआ। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के विद्यार्थियों ओर वैज्ञानिकों से मिलने की इच्छा जताई। जिस पर कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को एमएचयू के बागवानी महाविद्यालय का भ्रमण कराया। जहां पर प्रतिनिधिमंडल ने एमएचयू के वैज्ञानिकों से बातचीत कर उनके विषयों के बारे में जाना, उनके द्वारा किए जा रहे शोध पर बातचीत की। इस मौके पर अनुसंधान निदेशक ओर डीन प्रो रमेश गोयल ने एमएचयू की उपलब्धियों के बारे के बारे में जानकारी दी साथ ही प्रतिनिधिमंडल का एमएचयू में आने पर धन्यवाद किया।

### हाईटेक बागवानी, सतत बागवानी, जलवायु परिवर्तन व सहनशीलता आदि विषयों पर अनुबंध होगा

कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि एमएचयू- वेस्ट्रर्न सिडनी यूनि. आस्ट्रेलिया शिक्षा, शोध पर मिलकर काम करेंगे। जिसमें हाईटेक बागवानी, सतत बागवानी, जलवायु परिवर्तन व सहनशीलता आदि विषयों पर अनुबंध होगा।

### बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

वेस्ट्रर्न सिडनी यूनि. आस्ट्रेलिया निदेशक प्रो. इयान एडरसन ने कहा कि आस्ट्रेलिया बड़ा देश हैं, जहां की जनसंख्या कम हैं। लेकिन बागवानी की खेती कर आस्ट्रेलिया का किसान न केवल अपने देश की जरुरतों को पूरा कर रहा है साथ ही दूसरों देश के लिए फल सब्जियों की जरुरतों को पूरा करने में सहयोग कर रहा है। भारत ओर आस्ट्रेलिया में बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है,

# ड्रोन से किसानों को मिलती है मदद: मलिक

- चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नीलोखेड़ी/ करनाल



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में कृषि क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी एवं ड्रोन का प्रयोग विषय पर चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सत्यकाम मलिक ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में नई-नई प्रौद्योगिकियों का प्रयोग किया जा रहा है ताकि कम समय एवं कम लागत में अधिक से अधिक उत्पादन किया जा सके। ड्रोन एक ऐसी ही प्रौद्योगिकी है जिसके प्रयोग से किसानों को काफी मदद मिल सकती है। ड्रोन के माध्यम से बड़े क्षेत्र में बहुत कम समय में कीटनाशकों, खाद, दवाओं इत्यादि का छिडकाव बड़ी आसानी से किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बड़े क्षेत्रों की निगरानी, मैपिंग और सर्वेक्षण में भी ड्रोन का प्रयोग किया जा रहा है। सरकार भी कृषि क्षेत्र में ड्रोन को बढ़ावा दे रही है व इसके लिए प्रशिक्षण संस्थान व अनुदान योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इस दौरान डा. मलिक ने बताया कि विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी प्रोफेसर बी. आर. कंबोज, वाईस-चांसलर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। उन्होंने वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया।

# ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी : जगमोहन

- नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है कि करनाल नगर निगम मे भाजपा का मेयर बनेगा और 20 वार्डो मे रिकॉड मतों से भाजपा के पार्षद बनेगे। करनाल में विकास कार्यो की गति और तेजी से आगें बढ़ेगी। करनाल के विधायक शुक्रवार को स्थानीय कर्ण कमल कार्यालय में नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, प्रदेश में अभी डबल इंजन की सरकार चल रही है और नगर निकाय चुनावों के बाद प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यो की गति प्रगति पर है और उन्हें पूरा विश्वास है कि करनाल नगर निगम के चुनावों में भाजपा को मेयर बनेगा और सभी 20 वार्डो में भाजपा के निगम पार्षद बनेगें। उन्होंने कहा कि जल्द ही मेयर चुनाव के लिए और निगम पार्षद चुनाव के लिए सूचि पार्टी द्वारा जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 100 दिन के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए जन-कल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनानें का काम किया गया है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल




शिव शक्ति धाम मंदिर आनंद विहार में सात दिनों तक आयोजित किए गए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन मंदिर में भगवान श्री गणेश, मां दुर्गा, श्री शनि देव, शिव परिवार व श्री हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित करने के साथ हुआ। मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर पांच कुंडीय हवन यज्ञ किया गया। समारोह में पहुंचे सैंकड़ों लोगों ने हवन यज्ञ में आहूतियां डाल कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया और मनोकामनाएं मांगीं। प्रमुख तौर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता व सांसद मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने शिरकत की। मंदिर समिति की ओर से अतिथिगणों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। अतिथिगणों ने हवन यज्ञ में आहूतियां डालने के बाद मंदिर की परिक्रमा की। श्रद्धालुओं को भव्य मंदिर निर्माण पर बधाइयां दीं। शिव शक्ति धाम मंदिर के प्रधान राम ज्ञान सिंह ने कहा कि यह भव्य मंदिर भोलेनाथ की कृपा से बनाया गया है। आनंद विहार कालोनी व आसपास के लोगों को यहां पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मंदिर की स्थापना हर्ष का विषय है। श्रद्धालुओं के लिए यह खुशखबरी है कि उन्हें अपने घर के पास ही मंदिर मं जाने का अवसर मिला है। पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल धर्म की नगरी है। सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने भी श्रद्धालुओं को बधाई दी।

### दयाल सिंह कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

# हरित अर्थव्यवस्था वर्तमान की बड़ी आवश्यकता : डॉ आशिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



दयाल सिंह कॉलेज में वाणिज्य विभाग, प्राणी शास्त्र विभाग एवं महिला विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में समावेशी हरित अर्थव्यवस्थाओं पर महिलाएं, उद्यमशीलता और पर्यावरण के प्रति चिंता विषयक एक दिवसीय बहु-विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी को भारतीय सामाजिक विज्ञान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया तथा निदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा एवं आईयूसीएन पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक नीति आयोग (सीईईएसपी) द्वारा अनुमोदित किया गया। संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन में हुआ। जिसमें देश से 18 प्रदेशों और विदेश से 9 देशों के अनेक विद्वानों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। संगोष्ठी में 488 विद्वानों और शोधार्थियों ने पंजीकरण करवाएँ। इस अवसर पर ई-एब्सट्रैक्ट पुस्तक का विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र ज्ञान और विचारों की शुरुआत कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ आशिमा गक्खड़ ने स्वागत भाषण देते हुए संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला।

### प्रमुख विषयों में निम्नलिखित बिंदु शामिल थे

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका। नवोन्मेषी हरित उद्यमिता और पर्यावरण अनुकूल स्टार्टअप। समावेशी और हरित आर्थिक विकास के लिए नीतिगत रूपरेखा। जलवायु कार्रवाई और पर्यावरणीय स्थिरता में लैंगिक समानता। चक्रीय अर्थव्यवस्था बदलाव की अगुवाई कर रही हैं महिला उद्यमी। महिलाओं के लिए हरित उद्यमों को बढ़ावा देने में सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां। हरित अर्थव्यवस्था क्षेत्रों में महिलाओं के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण। हरित प्रौद्योगिकी और महिला नवप्रवर्तक। और इनसे सम्बंधित अन्य विषयों पर भी विद्वानों, शिक्षकों, शोधार्थियों द्वारा अपने विचार रखे गए। इन सत्रों में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए, जिससे प्रतिभागियों को नई दिशा और दृष्टिकोण प्राप्त हुए। समापन सत्र कार्यक्रम के समापन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से निदेशक, दूरस्थ शिक्षा डॉ. मंजूला चौधरी और पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से डॉ. आशु पसरीचा ने समावेशी हरित अर्थव्यवस्था में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, और हरित उद्यमिता के आर्थिक व सामाजिक लाभ पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी के समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. पूजा मल्होत्रा ने मुख्य संगोष्ठी के प्रमुख बिंदुओं का सार प्रस्तुत किया, जिसके बाद डॉ. अनीता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## खबर संक्षेप

### माकपा ने जताया भारतीय के प्रति अमेरिका के व्यवहार पर एतराज

**पानीपत।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला केंद्र की तरफ निर्वासित लोगों के साथ अमेरिका के द्वारा दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए देश के प्रधानमंत्री से मांग की कि अमेरिका के इस अमानवीय व्यवहार के खिलाफ तुरंत देश की तरफ से लिखित एतराज दर्ज कराया जाए। पार्टी जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, सुनील दत्त, राजपाल गहल्याण ने कहा कि अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने वाले 104 भारतीयों को अमेरिकी अधिकारियों द्वारा निर्वासित करने का तरीका बेहद निंदनीय है। उनके हाथों में हथकडियां और पैरों में बेड़ियां डालकर अमेरिकी सेना के जहाज से भारत में उतारना अपराधियों जैसा व्यवहार है।

### मेले में 42 देशों के 648 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे

**पानीपत।** होटल प्रबंधन संस्थान पानीपत के विद्यार्थियों और स्टाफ को आज से शुरू हो रहे 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 में 17 दिन के लिए आतिथ्य सत्कार की सेवा का मौका मिला है। मेले का उद्घाटन आज केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया उन्होने बताया कि मेले में 42 देशों के 648 प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे। इसमें देश-विदेश से कलाकार, शिल्पकार और हस्तशिल्प कारीगर शामिल होते हैं और अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हैं। संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य चन्दन वशिष्ठ ने बताया की आईएचएम के छात्र आतिथ्य सत्कार में अपनी सेवाएं देंगे।

### मकान मरम्मत में 80 हजार की मदद : डीसी

**पानीपत।** डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा योजना में बदलाव के उपरान्त इसमें सभी पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार किया है।

### हर घर-हर गृहणी पोर्टल पर किया जा रहा रजिस्ट्रेशन

**पानीपत।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह-हर गृहणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपये की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा। डीएफएससी नीतु ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं।

---

## शिविर में आज पहुंची 90 समस्याएं

# अधिकारी करें जन समस्याओं का तत्परता से समाधान : डॉ.विरेन्द्र

उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का एक-एक पल स्मरणीय है। इसमें किसी भी प्रकार की स्ट्रेस ना ले व हंसी-खुशी पूर्वक कार्य करके जनता की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में समाधान करें।



**पानीपत।** समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जो टीम पूरी तरह से लिब्रल होकर मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती है निश्चित रूप से वह टीम जीत हासिल करती है। हमें भी इसी पद्धति पर कार्य करना है व जनता की समस्याओं का समन्वय स्थापित करके समाधान करना है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का एक-एक पल स्मरणीय है। इसमें किसी भी प्रकार की स्ट्रेस ना ले व हंसी-खुशी पूर्वक कार्य करके जनता की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में समाधान करें। शिविर में आज 90 समस्याएं पहुंची। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जो लोग दूर दराज से समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंचते है उनका हमने पूरा मान रखना है। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल , नगराधीश टीनू पोसवाल, सीएमओ जंयत आहुजा, डीटीओ हजारा सिंह, कृषि विभाग के डीडीए डॉ.आत्मा राम गौदारा,एलडीएम राजकुमार, डीएसओ धरेंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता सावित पान्नू, पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता आदित्य कुण्डू, पशुपालन विभाग के एसडीओ भगवान, जिला पुलिस कैप्लेड अधिकारी सुरेश व संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# सेफर इंटरनेट डे पर साइबर क्राइम के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए लीजा आहूजा ।

आधुनिक युग में मोबाइल फोन और इन्टरनेट हमारी आवश्यकता है। हर आयु वर्ग का व्यक्ति अपनी दैनिक दिनचर्या में इसका उपयोग करता है। हम किस प्रकार इनसे होने वाले अपराधों के विषय में जागरूक रह सकते हैं। इसके बारे में आर्य गर्ल्स स्कूल में आज साइबर क्राइम ब्रांच से लीजा आहूजा ने छात्राओं और अध्यापिकाओं को अवगत कराया। जागरूकता सत्र में कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने भाग लिया। साइबर क्राइम से संबंधित छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए विभिन्न प्रकार के अपराधों और उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम से बचाव का सर्वोत्तम तरीका है अपना ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं करना। प्रधानाचार्या ने इस सत्र के लिए मुख्यातिथि लीजा आहूजा का धन्यवाद किया।

## नवल जिंदल ने ठोकी भाजपा में वार्ड 9 से दावेदारी

**पानीपत।** नगर निगम चुनाव में प्रमुख समाजसेवी नवल जिंदल ने भी वार्ड 9 से चुनाव लड़ने की इच्छा वयक्त करते हुए अपने समर्थकों के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के कार्यालय में उनको अपना आवेदन सौंपा। उन्होंने भाजपा से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई और टिकट की मांग की। नवल जिंदल ने कहा कि अगर भाजपा उन्हें टिकट देती है तो वे वार्ड 9 से भारी मतों से जीत को भाजपा की झोली मे डालेंगे। उन्होंने कहा कि जीत के बाद अपने वार्ड में वह पूरी निष्ठा ओर ईमानदारी से जनता की हित की भलाई के कार्य करेंगे और अपने वार्ड की हर समस्या को दूर करेंगे।



**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को आवेदन देते नवल जिंदल ।

---

# पशुपालन विभाग के कमिश्नर विजय दहिया पहुंचे समालखा

- पशुओं के लिए बनाये गए उपचार गृह का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** पशुपालन विभाग के कमिश्नर विजय दहिया पशु चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए । फोटो : हरिभूमि

दिल्ली से चंडीगढ़ जाते समय पशुपालन विभाग के कमिश्नर विजय दहिया अचानक बिहोली रोड स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने शहर की सामाजिक संस्था बेसहारा गोवंश चिकित्सालय का द्वारा संचालित गोशाला में बेसहारा पशुओं के रख रखाव सहित इलाज हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संस्था की प्रशंसा की। उन्होंने कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सुव्यवस्थित एवं साफ-सफाई, अस्पताल परिसर में पशुओं के लिए नवनिर्मित शेड व पुराने शेड के नवीनीकरण की आवश्यकता को देखते जिला चिकित्सा अधिकारी से शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने एवं एक्सरे मशीन के सही करवाने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने पशुओं के लिए बनाये गए उपचार गृह का अवलोकन किया। उन्होंने पशुओं के टीकाकरण कार्य, पशुओं की रख रखाव एवं प्रबंधन की व्यवस्थाओं के बारे में बारीकी से जांच कर आवश्यक एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी सहित अन्य उपकरणों व दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उप मंडल स्तर पर पशु चिकित्सालय की जर्जर हुई इमारत का नवीनीकरण कराया जाएगा।

## समालखा बार एसोसिएशन के पदों के लिए 10 नामांकन पत्र



**पानीपत।** बार एसोसिएशन में पदों के चुनाव के लिए नामांकन करते वकील ।

- अगर चुनाव में निर्धारित नियमों और कार्यक्रम के उल्लंघन में होगा तो उसे अवैध माना जाएगा

**समालखा।** उपमंडल बार एसोसिएशन के 28 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए अध्यक्ष पद के लिए सचिन छौक्कर, अशोक रावल के नामांकन, उपप्रधान पंकज छौक्कर, अमित राठी, सुमन छौक्कर, सचिव अनिल शर्मा, जितेंद बल्ली, सहसचिव सुरजीत सिंह गाहल्याण, मुन्वर, कोषाध्यक्ष के लिए अभित छौक्कर ने नामांकन किया। वहीं निर्धारित समय पर फर्मो की जांच कर छटनी की गई। किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापिस नहीं लिया। वहीं आरओ एडवोकेट अजय कुहाड़ व एडवोकेट सुरेन्द्र कहराना ने बताया कि समालखा बार एसोसिएशन में पहले 286 मतदाता थे। अब इनकी संख्या 333 हो गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव नियमानुसार निष्पक्ष करवाए जाएंगे। अगर चुनाव में निर्धारित नियमों और कार्यक्रम के उल्लंघन में होगा तो उसे अवैध माना जाएगा।

## महासंगम यात्रा कोल्हापुर महाराष्ट्र के लिए रवाना



**पानीपत।** चित्र दुर्गा में महासंगम यात्रा का स्वागत करते स्थानीय श्रद्धालु ।

**पानीपत।** गत 21 जनवरी को दिल्ली से प्रारंभ हुई महासंगम यात्रा भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए लाखों श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस यात्रा का आयोजन इंटरनेशनल मंदिर प्रबंधक परिषद और भगवा ऐप द्वारा किया गया है। अन्तराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि महासंगम यात्रा की शुरुआत प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान से हुई थी। जहाँ लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर इस ऐतिहासिक यात्रा को शुभारंभ दिया। इसके पश्चात यात्रा काशी विश्वनाथ मंदिर बनारस, झारखंड स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम, ओडिशा के लिंगराज मंदिर, आंध्र प्रदेश के द्राक्षरामम एवं अमर लिंगेश्वर स्वामी मंदिर, दक्षिण काशी श्रीशैल मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित जलाकंडेश्वर मंदिर तथा रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग पहुँची। इन सभी स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ और स्थानीय श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। अन्तराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि आगे यह यात्रा चित्र दूर्गा से महाराष्ट्र के कोल्हापुर और भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए बढ़ रही है।

---

# मेयर के लिए 21 व पार्षद के लिए 219 ने मांगा भाजपा से टिकट



**पानीपत।** राजीव जैन मेयर पद के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को आवेदन सौंपते हुए । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम चुनाव को लेकर टिकट मांगने के लिए आवेदनों का सिलसिला आज सांय बंद हो गया। जिसमें मेयर के लिए 21 व पार्षद के लिए 219 ने आवेदन किया है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने मेयर एवं पार्षदों के चुनाव लडऩे के इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे थे। जिसके चलते आज अंतिम दिन जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के कार्यालय में दिनभर आवेदन करने वालों का तांता लगा रहा। चुनाव लडऩे के इच्छुक कार्यकर्ता अपने समर्थकों लेकर आवेदन करने के लिए पहुंचे और अपनी दावेदारी पेश की। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि मेयर पद के लिए कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं 26 वार्डों के लिए कुल 219 लोगों ने पार्षद का चुनाव लड़ने की लिए आवेदन किए हैं। मेयर पद के लिए आवेदन करने वालों में पूर्व मेयर अवनीत कौर, राजीव जैन, नवीन भाटिया, गौरव , तरूण गांधी, मेघराज गुप्ता, अमरजीत कोहली व संजय अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# भाजपा नेता ईशम पांचाल ने जताई वार्ड 6 से दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को आवेदन सौंपते हुए ईशम पांचाल ।

नगर निगम वार्ड नंबर 6 से आज भाजपा नेता ईशम कुमार पांचाल की पत्नी अनीता पांचाल , पुत्र तरूण तावड़ा व पुत्रवधु कोमल पांचाल ने आज भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को भाजपा टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को विजयी बनाने में ईशम पांचाल ने बड़ी जनसभा करवाकर अहम भूमिका निभाई थी।

वहीं विधानसभा चुनाव में भी पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महीपाल ढांडा के समर्थन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की चुनावी जनसभा का सफल आयोजन किया था। वहीं भाजपा की नीतियों को घर-घर पहुंचाने के लिए उनकी पत्नी अनीता पांचाल व पुत्रवधु कोमल पांचाल ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

## वार्ड 15 से भाजपा नेता विशाल गोस्वामी ने पार्षद पद की दावेदारी पेश की

**पानीपत।** नगर निगम चुनावों मेंभाजपा नेता विशाल गोस्वामी ने भी वार्ड 15 से पार्षद पद हेतु अपनी दावेदारी पेश की है। आज उन्होंने अपने समर्थकों, शक्ति केंद्र प्रमुखों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और विधायक प्रमोद विज को अपना आवेदन सौंपा। विशाल गोस्वामी ने कहा कि युवाओं का नेतृत्व वार्ड में तेज गति से विकास करवा सकता है और यही कारण है उन्होंने अपनी दावेदारी पेश की है। इस दौरान मयूर सैनी, अरुण पसीजा, निशा बंसल, सन्नी सेठी, हरीश नागपाल,राजेश सिंगला,अनूप सैनी, राम अवतार अग्रवाल व विश्वनाथ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को आवेदन देते विशाल गोस्वामी।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रोबायोटिक्स की अहम भूमिका

**पानीपत।** सीके बिरला हॉस्पिटल गुरुग्राम की आब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी विभाग की निदेशक डा.अरुणा कालरा ने बताया कि वेजाइनल माइक्रोबायोम मुख्य रूप से लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया से बना होता है, जो एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**
प्रवीन कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल निवासी गुरूनानकपुरा, पानीपत।
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रवीन कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल निवासी गुरूनानकपुरा, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता गिरधारी लाल पुत्र बग्गु राम की मृत्यु दिनांक 18.12.2014 को हो चुकी है। प्रार्थी के पिता जी ने एक वसीयतनामा जिसका वसीका नं. 362/3 दिनांक 27.12.2000 उसके हक में करवा रखा है। यह उसके पिताजी की अंतिम व आखिरी वसीयत है और वसीयत के अनुसार एक इंतकाल नं. 64243 जो कि दर्ज है का मेरे पिता की वसीयत के अनुसार मेरे नाम इंतकाल मंजूर किया जाये।
1. प्रवीन कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल है।
इनके अलावा वसीयत के अनुसार प्रवीन कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल वसीयत प्राप्तकर्ता है जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/ नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अंदर 2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**हस्ता/- तहसीलदार-कम सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।**

---



**पानीपत।** महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए पंडाल का निर्माण करते कारीगर ।

## महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए भव्य पंडाल निर्माण शुरू

**पानीपत।** महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेला की तैयारियां जोरों पर है। आगामी 13 फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले इस भव्य मेले के लिए कटारिया लैण्ड सेक्टर12, हुडा में टेंट, बांस-बल्ली और अन्य निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर भव्य पंडाल, ज्योतिर्लिंग दर्शन, अमरनाथ गुफा की झांकी, कुंभकरण का लाइव शो और विभिन्न आध्यात्मिक प्रदर्शनी की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। यह जानकारी सेक्टर 12 स्थित ओमशांति भवन संचालिका राजयोगिनी सुनीता बहन ने दी। उन्होंने कहा कि इस मेले का उद्देश्य आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना और लोगों को तनावमुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है।

# जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं : जीएस

- संस्कृति, परम्परा या धरोहर नारी के कारण ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** सेमिनार में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करती डॉ.शशि प्रभा मलिक।

आईबी पीजी महाविद्यालय में बायो साइंस विभाग, महिला प्रकोष्ठ और आतंरिक गुणवत्ता मूल्यांकन परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में एक स्पेशल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता डॉ.जीएस चौहान संयुक्त सचिव यूजीसीएन्यू दिल्ली से रहे। प्रबंध समिति से रवि गोसाईं, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, डॉ.सुनित शर्मा, डॉ.निधान सिंह, डॉ.सीमा, डॉ.विक्रम कुमार ने अतिथि का स्वागत किया। सेमिनार का मुख्य विषय विश्व के नव.निर्माण में नारी की भूमिका भारत के विशेष संदर्भ में रहा। मुख्य वक्ता जीएस चौहान ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में नारी की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवतामतलब जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहीं पर ही देवता निवास करते हैं। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि यदि यह कहा जाए कि संस्कृति, परम्परा या धरोहर नारी के कारण ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रही है तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ.किरण , डॉ.सुनित , पवन कुमार, अजय पाल सिंह, डॉ. सुनीता रानी, डॉ.शर्मिला व खुशबू आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को अपना आवेदन सौंपते हुए

## धर्मबीर कश्यप ने भाजपा के टिकट के लिए ठोका वार्ड 18 से दावा

**पानीपत।** कश्यप राजपूत सभा के प्रधान धर्मवीर कश्यप के साथ 36 बिरादरियों के गणमान्य व्यक्तियों ने ओबीसी समाज के बीसी ए में धर्मवीर कश्यप के लिए वार्ड नंबर 18 नगर निगम चुनाव के उम्मीदवार की दावेदारी जताई। कश्यप राजपूत सभा के प्रधान धर्मवीर कश्यप ने आज भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को अपना आवेदन दिया। इस मौके पर रोशन लाल बिड़लान, सतवीर सिंह, करण सिंह, जगपाल, रामनिवास जोगी, सुभाष, जितेंद्र, जोगिंद्र, कैप्टन रणधीर व राजेंद्र कल्याण आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के दो मामलों में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी गुरमीत सिंह व सुखदेव सिंह को गिरफ्तार कर2 दिन के रिमांड पर लिया है। एक अन्य मामले में आरोपी विकास उर्फ कैदी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पुलिस नेदस वाहन बरामद किए हैं। टुंडला के संजू ने 3 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने प्रीत नगर परशुराम मन्दिर के पास से उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता प्रमोद ने 26 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने वशिष्ट नगर अम्बाला छावनी से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है।

### दो आरोपियों को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत कुमार व शुभम को शामिल जांच किया है। गोल्डन पार्क के तरूण ने 15 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 नवंबर 2024 को आरोपी रजत, शुभम व अन्य ने उससे तथा उसके मित्र से लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज जानलेवा हमला कर चोरी के मामले मे सीआईए-1 ने आरोपी पुनीत सिंह उर्फ गोला को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ पंजाब में हत्या व मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नन्यौला की इंद्रा कॉलोनी के मनप्रीत सिंह ने 9 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर में घुसकर उस पर व उसके पिता पर घातक हथियारों से जानलेवा हमला कर काफी चोटें पहुंचाकर नकदी चोरी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी में आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज रूपए तीन गुणा बनवाने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रम सिंह को शामिल जांच किया है। अब तक इस मामले में तीन आरोपियों को काबू किया जा चुका है। जिरकपुर के रहने वाले जयवर्धन सिंह ने 22 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अक्तूबर 2024 से 22 नवंबर 2024 के दौरान आरोपी विक्रम सिंह व अन्य ने साजिश कर रूपयों को तीन गुणा बनवाने के नाम पर उससे एक बड़ी रकम धोखे से हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ईवीएम और वीवीपैट पर लगी सील को किया चेक

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम व वीवीपैट के लिए स्थापित किए गए वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी हासिल की।

# एजेंट ने कहा था कि एक किलोमीटर भी पैदल नहीं चलना पड़ेगा, जंगलों के रास्ते छह माह में पहुंचा था बेटा अमेरिका

## 45 लाख के कर्जदार पिता ने कहा-बेटे को अमेरिका भेजने के लिए रिटायरमेंट का पूरा पैसा लग गया, दुकान का सामान तक बेचना पड़ा

- अब एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी, अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए युवक के परिवार में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अमेरिकी डॉलर की खनक में पूरा परिवार ही उजड़ गया। अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए युवक के परिवार में सन्नाटा है। परिवार का आरोप है कि एजेंट ने उनके साथ धोखा किया है। 45 लाख लेने के बावजूद उनके बेटे को अमेरिका में सैटल नहीं किया। पिता का आरोप है कि बेटे को अमेरिका भेजने में उनकी रिटायरमेंट का पूरा पैसा लग गया। पैसों के जुगाड़ के लिए भरी दुकान भी खाली करनी पड़ी। अब पीड़ित परिवार एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है।

### जंगलों से होकर पहुंचा था अमेरिका

सुशील ने बताया कि जिस एजेंट के जरिए उनका बेटा अमेरिका गया था तब उसने कहा था कि एक किलोमीटर भी उसके बेटे को पैदल नहीं चलना पड़ेगा। जितेश को जहाज या फिर टैक्सी के जरिए अमेरिकी बॉर्डर तक ले जाया जाएगा। मगर सच यह है कि उसके बेटे को जंगलों के रास्ते से अमेरिकी बॉर्डर तक ले जाया गया। छह महीने तक वह जंगलों के साथ कई देशों की खाक छानता रहा। उसने यह भी बताया कि एजेंट ने उसके बेटे को अमेरिका में सैटल करने का झांसा भी दिया था। मगर बॉर्डर पार करते ही उसके बेटे को पुलिस ने पकड़ लिया। पूरे परिवार ने अब एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिवार की ओर से इस सिलसिले में रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात कही जा रही है।

### एजेंटों पर होनी चाहिए कार्रवाई: विज

परिवहन मंत्री अनिल विज ने अब युवाओं को गैरकानूनी तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने कहा कि जब वे गृहमंत्री थे तो उन्होंने युवाओं को गैरकानूनी तरीके से अमेरिका व अन्य देश भेजने वाले 1100 से ज्यादा एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज करवाकर उन्हें जेल भिजवाने का काम किया था। उन्होंने कहा कि तब काफी हद तक ज्यादातर एजेंट दो नंबर का कारोबार छोड़ गए थे। उन्होंने कहा कि डॉलर के लालच में ज्यादातर युवा अमेरिका जाते हैं। मगर उन्हें यह मालूम नहीं होता कि उन्हें वहां जाकर किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। विज ने कहा कि अगर उनके पास ऐसी कोई शिकायत आएगी तो वे ऐसे एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करेंगे।

### बेटे के लौटने से पूरा परिवार गमजदा

अंबाला शहर के रहने वाले सुशील कुमार ने बताया कि वह पुलिस से रिटायर हैं। एजेंट के झांसा में आकर उसका बेटा जितेश भी अमेरिका गया था। उसे अब अमेरिकी सरकार ने डिपोर्ट कर वापिस भेज दिया है। सुशील कुमार ने बताया कि छह महीने बाद यानि बीती 19 जनवरी को उसका बेटा अमेरिका पहुंचा था। तभी जितेश को अमेरिकी पुलिस ने पकड़ लिया था। कुछ दिन सेंटर में रखने के बाद उसे अब डिपोर्ट कर दिया गया। परिवार ने बताया कि बेटे को अमेरिका भेजने के लिए उनके करीब 45 लाख रुपये लग गए। इतनी बड़ी रकम का बंदोबस्त करने के लिए उसकी रिटायरमेंट का पूरा पैसा लग गया। भरी दुकान का सामान तक उसे बेचन पड़ा।

## डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित किया वार्षिक खेल दिवस व पुरस्कार वितरण समारोह

# खेल स्पर्धाओं में छात्रों ने दिखाया दम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही








**अंबाला।** सम्मानित किए गए छात्रों के साथ मुख्यअतिथि व शिक्षक साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभा दिखाते छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

### कक्षा पांच के विद्यार्थियों की 'बोरी दौड़' एवं 'नीबू चम्मच दौड़' दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस आरोग्यम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में उल्लास, उमंग और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज, अंबाला शहर के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव महाजन तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विद्यालय के पूर्व छात्र श्री जैनिश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एआरओ. डॉ विकास कोहली भी कार्यक्रम मे शामिल रहे।

विद्यालय की वरिष्ठ समन्वयिका भारती के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस समारोह का मंच संचालन मधु शर्मा एवं माधुरी शर्मा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत और 'ओम पट' के उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात खेल महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन गुब्बारों के विमोचन एवं मशाल प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकजुटता का परिचय देते हुए प्रभावशाली मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना की शपथ ली और प्रधानाचार्य महोदय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में खेलों के माध्यम से अनुशासन, परिश्रम एवं नेतृत्व कौशल के विकास पर बल दिया।

कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों ने अपनी ऊर्जा और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए जुंबा ड्रिल प्रस्तुत की। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने 'डक वॉक रेस', कक्षा चार के विद्यार्थियों ने डंबल व्यायाम तथा हर्डल दौड़ में अपनी शारीरिक दक्षता का परिचय दिया। कक्षा पांच के विद्यार्थियों की 'बोरी दौड़' एवं 'नींबू चम्मच दौड़' दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनीं।

नर्सरी एवं एलकेजी के बच्चों ने 'माला दौड़' एवं 'हुला हूप दौड़', जबकि यूकेजी के बच्चों ने 'रिंग स्किपिंग' एवं 'नींबू चम्मच दौड़' में अपनी कुशलता का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने 'मा तुझे सलाम' गीत पर देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे-मुन्नों ने योग प्रदर्शन कर सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कक्षा तीन व चार के विद्यार्थियों ने कराटे एवं वुशु कला का प्रभावशाली प्रदर्शन कर आत्मरक्षा के महत्व को दर्शाया।

### किया सम्मानित

समारोह के समापन सत्र में प्रस्तुत देश भक्ति पर आधारित 'पंजाबी मिक्सअप' नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे संगीत विभाग की मनजीत कौर ने तैयार किया था। विजयी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा आठ व नौ के विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु सम्मानित किया गया, जबकि नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं में प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। अंत में मुख्य अतिथियों को सम्मान स्वरूप 'शॉल' एवं 'स्मृति चिन्ह' प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने इस भव्य आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## नगराधीश अभिषेक ने लिया चार्ज, डीसी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नवनियुक्त नगराधीश अभिषेक गर्ग ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया । न गर्ग ने पदभार ग्रहण उपरांत उपायुक्त अजय सिंह तोमर से उनके कार्यालय में भेंट की। इस मौके पर उपायुक्त ने नवनियुक्त नगराधीश अभिषेक को पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट किया। इस दौरान निवर्तमान नगराधीश पूजा कुमारी के लिए स्टाफ द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। पूजा कुमारी का तबादला शिवालिक डिवेलपमेंट विभाग में चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर के पद हो गया है। इनके स्थान पर अभिषेक गर्ग ने नगराधीश का कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत, एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार, एसडीएम, एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, हायर एजूकेशन से खुशीला, डिस्ट्रिक नाजिर विजय कुमार , विकास कुमार, चुनाव कार्यालय से सहायक प्रीतम कौशिक, रिचू गुप्ता, बलदेव, गुरशरण, रमेश जांगडा, बलबीर सिंह, सुनील कुमार मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

शैमफॉर्ड स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवकों ने आयोजित जिला स्तरीय एनएसएस शिविर में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार जीते। समग्र प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय ने दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया। इस शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया पोस्टर मेकिंग में प्रांशुल और जतिन राणा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि शगुन, अंशिका, गुरमिलन और दिव्यांशी को सांत्वना पुरस्कार मिला। समूह नृत्य में शगुन और दिव्यांशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में गुरमिलन कौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में शगुन ने दूसरा स्थान तथा दिव्यांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, पंजीकरण समिति में सरिता को सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी (पीओ) के रूप में सम्मानित किया गया। चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, प्रधानाचार्या रुबी शर्मा, उप प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## युवाओं को जीवन में सफलता और स्वस्थ रहने के बताए गुर

- युवाओं ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बहनों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंतर ज़िला आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम से 27 युवा प्रतिभागियों को दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान युवा प्रतिभागियों को दयाल बाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के पुनर्निर्मित म्यूजियम के दर्शन करवाए गए। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने म्यूजियम के मॉडल्स समझाते हुए मन को नियंत्रित करने की विधियां बताई। इस अवसर पर लंदन से पधारी मनोचिकित्सक डॉ. टीना मल्होत्रा ने युवाओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक मात्र विधि राजयोग मेडिटेशन बताया। जीवन में व्यसन आदि से अपना बचाव कर जीवन को सफल और सुखमय बनाने की विधि भी बताई। कार्यक्रम में उपस्थित गोवा के पांच सितारा होटल के वरिष्ठ मैनेजर अमित मल्होत्रा ने भी युवाओं को अपने भविष्य में किसी व्यवसाय को चुनने के लिए प्रेरित किया तथा होटल उद्योग के विषय में जानकारी सांझा की। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना चाहिए जिससे विकट स्थिति में भी बिना घबराए आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी अर्शदीप कौर, रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता राकेश मेहता, नेहरू युवा केंद्र के अन्य अधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



**अंबाला।** गुरुग्राम से आए युवा बीके बहनों से मुलाकात करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### बाल अधिकारों को लेकर ग्रामीणों को किया जागरुक

**अंबाला।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग द्वारा गांव पंजोखरा साहिब में बाल अधिकारों, बाल विवाह विषय व बाल विकास के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला एवं अनिल लाठर ने इन सभी विषयों बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। यहां पहुंचने पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता व अन्य ने सदस्यों को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोग के सदस्यों ने जिला स्तर पर जिला बाल सरंक्षण इकाई द्वारा बाल हित के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी समीक्षा की। व आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणाम बारे अवगत करवाया। इस मौके पर उपस्थित सभी को बाल विवाह मुक्त अम्बाला, बाल विवाह मुक्त हरियाणा और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाते हुए कन्या भ्रूण हत्या एवं शिशु स्वागत पालना केंद्र के बारें में भी जागरूक किया। बाल कल्याण समिति अध्यक्षा रंजीता आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## निकाय चुनाव में अंगूठा छाप को नहीं मिलेगा उम्मीदवारी का मौका

# एससी उम्मीदवारों का 8वीं पास होना जरूरी

- सामान्य और बीसी जाति के उम्मीदवारों के लिए 10वीं पास होना जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

निकाय चुनाव में अंगूठा छाप उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिल पाएगा। चुनाव आयोग की ओर से घोषित निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता तय कर दी गई है। सामान्य व बीसी जाति के उम्मीदवारों का दसवीं पास होना जरूरी है जबकि अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आठवीं पास होना जरुरी है। म्यूनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि वर्ष 2016 में हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973 प्रदेश की सभी नगरपालिका परिषदों (म्युनिसिपल कौंसिल) और नगरपालिका समितियों (म्युनिसिपल कमेटी) पर लागू होता है। जबकि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994, जो प्रदेश की सभी नगर निगमों पर लागू होता है। नए कानून के तहत मेयर व सदस्य पद के उम्मीदवारों के लिए शैक्षिक योग्यता तय की गई है। सामान्य व बीसी जाति के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता मेट्रिक (दसवीं ) पास तय की गई है। अनुसूचित जाति (एससी ) वर्ग के पुरुष और हर वर्ग की महिला के लिए मेयर और वार्ड सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए कम से कम आठवीं पास होना आवश्यक है। वार्डों से चुनाव लड़ने वाली अनुसूचित जाति वर्ग की महिला उम्मीदवार के लिए पांचवी पास होना ही पर्याप्त है। पिछड़ी जाति (बीसी ) के पुरुष/महिला के उम्मीदवार के लिए कोई रियायत नहीं है। उन पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के तौर पर ही योग्यता का पैमाना लागू होंगा। इसका अर्थ यह है कि अनपढ़ और अंगूठा छाप व्यक्ति नगर निकाय का चुनाव नहीं लड़ सकते है. हेमंत ने बताया कि चूंकि इस बार अंबाला सदर (कैंट) नगर परिषद का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति की महिला (एससी महिला ) के लिए आरक्षित है इसलिए इस पद की उम्मीदवार का कम से कम आठवीं पास होना जरुरी है। तभी उसे अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा।

### वार्ड नंबर 4, 20 और 30 आरक्षित

हालांकि नगर परिषद के वार्ड नंबर 4, 20 और 30, जो अनुसूचित जाति (महिला) के लिए आरक्षित है एवं अन्य अनारक्षित अर्थात ओपन वार्डों से एससी वर्ग की कम से कम पांचवीं पास महिला भी चुनाव लड़ सकती है। अंबाला शहर नगर निगम मेयर के 10 महीने के कार्यकाल के लिए घोषित उप-चुनाव में न केवल सामान्य वर्ग की महिला बल्कि किसी भी जाति की महिला, जो कम से कम आठवीं पास हो वह मेयर पद का चुनाव लड़ सकती है।

### सुरक्षित वाहन पॉलिसी को लागू करें स्कूल संचालक

**अंबाला।** जिला बाल संरक्षण यूनिट के तत्वावधान में शुक्रवार को हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर व श्याम शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला शिक्षा सदन अंबाला शहर के सभागार में बाल अधिकार सरक्षण एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी को लेकर सयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विद्यार्थियों एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीएसपी रजत गुलिया, डीसीपीओ ममता रानी सहित अन्य मौजूद रहे।